भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1185
उत्तर देने की तारीख: 25.07.2022

केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान

†1185. श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी:
श्री अदला प्रभाकर रेड्डी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने नए केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार का आंध्र प्रदेश में एक नया क्षेत्रीय भाषा केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) और (ख) **:** जी नहीं। नया केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल) स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। भारत सरकार द्वारा मैसूर, भुवनेश्वर, पुणे, पटियाला, सोलन, लखनऊ, गुवाहाटी में क्षेत्रीय भाषा केंद्रों के साथ 1969 में मैसूर में सीआईआईएल की स्थापना की गई थी। केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल) अनुसूचित/गैर-अनुसूचित सहित सभी भारतीय भाषाओं और शास्त्रीय भाषाओं के संवर्धन के लिए काम करता है।

(ग) और (घ) **:** जी नहीं। आंध्र प्रदेश में क्षेत्रीय भाषा केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, सीआईआईएल के तहत शास्त्रीय तेलुगु अध्ययन उत्कृष्टता केंद्र को शास्त्रीय तेलुगु भाषा

के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए मैसूर से नेल्लोर (आंध्र प्रदेश) में स्थानांतरित कर दिया गया है।

***